आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 02/03/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर कहा कि–भारत संवाद से सभी विवादों के समाधान का करता है समर्थन।
- राज्य सरकार की कृषि कैबिनेट में आज किसान हित में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय।
- प्रदेशभर में आज होलिका दहन, पारंपरिक लकड़ी की जगह गौकाष्ठ का हो रहा उपयोग।
- मार्च के पहले दिन से ही गर्मी का जोर, अगले चार दिन में दो से चार डिग्री तक बढ़ सकता है पारा।

मोदी–कार्नी वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन करता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

भारत और कनाडा ने आज विभिन्न क्षेत्रों में तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं।

कृषि कैबिनेट

बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में आयोजित कृषि कैबिनेट में आज किसान हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य कल्याण, सहकारिता एवं नर्मदा घाटी विकास सहित 6 विभागों की 16 योजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के माध्यम से किसानों के समग्र कल्याण के लिए राज्य सरकार लगभग 27,746 करोड़ रुपये व्यय करेगी ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि बड़वानी की खेतिया कृषि उपज मंडी को 10 करोड़ रुपये की लागत से आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे कपास एवं मक्का उत्पादक किसानों को बेहतर विपणन सुविधाएं और उचित मूल्य प्राप्त होगा।

**जनकल्याण**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने** आज **नागलवाड़ी में आयोजित पहली कृषि कैबिनेट के अवसर पर बड़वानी जिले के प्रबुद्धजनों से भेंट की। उन्होंने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, बड़वानी जिले के नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों के अनुभव सुने और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रबुद्धजनों से भेंटकर कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं, ग्रामीणों, किसानों, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मदद उपलब्ध करा रही है।**

## समाधान योजना

प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है।

## राष्ट्रपति - आईएएस मुलाकात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें देश में शासन को मजबूत करने के लिए विभागीय सीमाओं से ऊपर उठना होगा। राज्य सिविल सेवाओं और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के अधिकारियों ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उनके द्वारा लिए गए प्रत्येक निर्णय 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के अनुरूप होने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का एक विकसित राष्ट्र में परिवर्तन तभी सार्थक होगा जब इसका लाभ सबसे कमजोर और वंचित वर्गों तक पहुंचेगा।

### केंद्र–राज्य पत्र

केंद्र सरकार ने इस्राएल–अमरीका द्वारा ईरान पर हमलों के मद्देनजर देश में संभावित हिंसा को लेकर राज्यों को चेतावनी जारी की है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर भड़काऊ भाषण देने वाले ईरान समर्थक कट्टरपंथी उपदेशकों की पहचान करने को कहा है। पत्र में कानून–व्यवस्था बिगड़ने से बचने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने और कार्रवाई को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

### एयर इंडिया – यात्रा सलाह

एयर इंडिया ने पश्चिमी एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए यात्रा परामर्श जारी किया है। परामर्श में एयर लाइन ने कहा गया है कि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इस्राएल और कतर से आने–जाने वाली सभी उड़ानें आज भी स्थगित रहेंगी। इसके अलावा, आज यूरोप जाने वाली कुछ उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। इनमें अमृतसर से बर्मिंघम, दिल्ली से ज्यूरिख, दिल्ली से कोपेनहेगन और बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ानें शामिल हैं। परामर्श में बताया गया है कि उत्तरी अमेरिका और यूरोप जाने वाली अन्य सभी उड़ानें पश्चिमी एशिया में उपलब्ध हवाई क्षेत्रों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करते हुए निर्धारित समय पर संचालित होंगी, जिससे उड़ान के समय में वृद्धि होने की संभावना है।

## होलिका दहन

प्रदेश भर में आज होलिका दहन किया जायेगा। इस बार पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश देने के लिए पारंपरिक लकड़ी की जगह गौकाष्ठ का उपयोग किया जा रहा है। राजधानी भोपाल में डेढ़ हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा। शहडोल जिले में आदिवासी समाज द्वारा अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ होलिका दहन किया जाता हैं। सतना और मैहर जिले में होलिका दहन परंपरागत हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शिवपुरी जिले में आज 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा। पन्ना जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ होलिका दहन किया जाएगा। देवास में लगभग 200 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा।

## सामान्य अवकाश

राज्य शासन द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में 4 मार्च को भी सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा होली के पावन पर्व पर पूर्व में 3 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

## मौसम

मार्च के पहले ही दिन से गर्मी ने जोर पकड़ लिया है। खरगोन में पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर भी गर्म रहे। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन के अंदर दिन के पारे में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार जताए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 4 मार्च को नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस वजह से रंगपंचमी या इससे पहले प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने के आसार हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- एम्स भोपाल में आज जन–सहभागिता एवं शैक्षिक गतिविधियों के साथ दुर्लभ रोग जागरूकता दिवस मनाया गया।
- सीहोर में खाद्य विभाग ने राशन वितरण में अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए 8 दुकानों पर प्रकरण दर्ज किए है।
- सतना कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को समय से निराकरण करने के निर्देश दिये।
- आगरमालवा के पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर और खंडवा के ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बंद रहेंगे ।
- राजगढ़ में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजगढ़ में 06 मार्च को यूथ पार्लियामेंट2026 का आयोजन किया जाएगा।
- शहडोल मेडिकल कॉलेज में पीजी की 68 सीटों के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।

- अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....
- प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर कहा कि–भारत संवाद से सभी विवादों के समाधान का करता है समर्थन।
- राज्य सरकार की कृषि कैबिनेट में आज किसान हित में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय।
- प्रदेशभर में आज होलिका दहन, पारंपरिक लकड़ी की जगह गौकाष्ठ का हो रहा उपयोग।
- मार्च के पहले दिन से ही गर्मी का जोर, अगले चार दिन में दो से चार डिग्री तक बढ़ सकता है पारा।

...................